DATE :- 15-02-2026

DAINIK BHASKAR, PAGE-IV, SURAT

मेट्रो डिपो का सिविल वर्क पूरा; 12 पार्किंग ट्रैक तैयार, एक साथ 15 ट्रेनें खड़ी होंगी



लवकुश मिश्रा | सूरत ड्रीम सिटी में मेट्रो डिपो का सिविल वर्क पूरा हो चुका है। 12 पार्किंग ट्रैक भी तैयार हो चुके हैं। इसमें एक साथ 15 ट्रेनें खड़ी हो सकेंगी। इसी डिपो से जल्द ही मेट्रो ट्रेन का ट्रायल होगा। 2,10,000 वर्गमीटर में फैले इस अत्याधुनिक डिपो में मेट्रो ट्रेनों की वॉशिंग, निरीक्षण, मरम्मत और प्रोफाइलिंग होगी। जीएमआरसी के अनुसार अब पेंटिंग, सिस्टम इंस्टॉलेशन जैसे अंतिम चरण के कार्य जारी हैं।

अभी तीन कोच वाली मेट्रो ट्रेनों के रखरखाव की व्यवस्था की गई है

मेट्रो डिपो में प्रारंभिक रूप से तीन कोच वाली मेट्रो ट्रेनों के रखरखाव की व्यवस्था की गई है। भविष्य में जैसे-जैसे सूरत मेट्रो नेटवर्क का विस्तार होगा, इन लाइनों का उपयोग मेट्रो फ्लीट बढ़ाने के लिए किया जाएगा।

प्रशासनिक भवन का काम पूरा, सिस्टम इंस्टॉलेशन अंतिम चरण में

ड्रीम सिटी डिपो परिसर में बना प्रशासनिक भवन पूरी तरह तैयार है। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार बिल्डिंग में अब सिस्टम इंस्टॉलेशन का कार्य अंतिम चरण में है। आधुनिक ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर (ओसीसी) बनाया जा रहा। जहां से मेट्रो लाइन 1-2 की मॉनिटरिंग होगी।

346 करोड़ से बन रहा है हाईटेक डिपो, इसी साल आएगी मेट्रो ट्रेन

मेट्रो रेल के डिपो का निर्माण लगभग 346 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। टीटागढ़ वैगन लिमिटेड को सूरत मेट्रो के लिए तीन-तीन कोच वाली कुल 24 ट्रेनों के सेट्स का ऑर्डर दिया गया है। इन मेट्रो सेट्स की डिलीवरी इसी साल के मध्य तक होनी है।

ऑटोमैटिक ट्रेन वाशिंग सिस्टम और CCTV सर्विलांस रूम भी तैयार

डिपो में दो वॉशिंग लाइन और एक हेवी क्लीनिंग लाइन का काम पहले ही पूरा हो चुका है। यहां ऑटोमैटिक ट्रेन वाशिंग सिस्टम, बाउंड्री वर्क का काम भी चल रहा है।